This question paper contains **3** printed pages]

AN—241—2019

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (First Semester) EXAMINATION

MARCH/APRIL, 2019

HINDI

Paper IV

(स्त्रीवादी विमर्श एवं साहित्य भाग-1)

(Monday, 29-4-2019) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—Three Hours *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. संदर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(अ) ''क्योंकि औरत की दूसरी कोई हैसियत मानी ही नहीं जाती। पुरुष के साथ या पुरुष के बिना। दोनों स्थितियों की अपनी तयशुदा अलामतें हैं। एक सिरे को तानकर छोड़ दो तो दूसरा अपने आप सामने आ गिरेगा। असली हैसियत के सवाल को साफ कर देगा अपने आप।'' 10

अथवा

सुरक्षा। सान्त्वना। निवृत्ति, निराच्छन्न आकाश के नीचे आश्वस्त हो गये होने की निवृत्ति। गुड़ गूँगे स्वाद को भोगने में लगी है, सामने वाले को यह क्या पता।

(ब) ''किसी देश और समाज की स्थिति का मूल्य-मापन कहीं आर्थिक स्थिति से होता है, कहीं राजनीतिक स्थिति से। कहीं नैतिक मूल्यों के आधार पर होता है, कहीं शिक्षा से। मगर हमारे देश में अभी तक व्यक्ति और समाज का मूल्यांकन जाति के आधार पर ही होता है।'' 10

P.T.O.

B8DDC27F8159D352AC3F15298D05E52C

अथवा

‘‘इस दायरे को तोड़ना और जातिगत रोजगार छोड़ना हमारा उद्देश है। इसी से समाज व्यवस्था में परिवर्तन होगा। हम मानव है, मानव के रूप में हमारी पहचान हो, यह दलित आंदोलन का लक्ष्य है।’’

2. ‘स्त्री दलितों में दलित होती है’ कथन की समीक्षा करते हुए स्त्री विमर्श की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

‘स्त्री को अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी’ कथन के आधार पर स्त्री विमर्श की अवधारणा स्पष्ट कीजिए।

3. ‘तत्सम’ उपन्यास की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

राजी सेठ की नायिका ‘अंतरिक संघर्ष के बावजूद निर्णय की क्षमता रखती है’ तत्-सम के आधार पर समीक्षा कीजिए।

4. ‘दलित स्त्री उत्पीड़न की गाथा शिंकजे का दर्द है’ कथन की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

‘शिकंजे का दर्द’ के शिल्प विधान पर निबंध लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **पंद्रह-बीस** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) तस्लीमा नसरीन एक विद्रोही लेखिका है। स्पष्ट कीजिए।

(*ii*) कात्यायनी का साहित्यिक योगदान विशद कीजिए।

(*iii*) मृदला गर्ग के व्यक्तित्व को प्रस्तुत कीजिए।

(*iv*) प्रभा खेतान के साहित्य की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

B8DDC27F8159D352AC3F15298D05E52C

6. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) 'कठगुलाम' की रचनाकार कौन हैं ?

(*ii*) 'लज्जा' किस विधा की रचना है ?

(*iii*) 'द सेंकड सेक्स' का हिंदी अनुवाद किसने किया ?

(*iv*) 'हॉकी खेलती लड़कियाँ' के रचनाकार कौन हैं ?

(*v*) 'कितनी कैदें' किस विधा की रचना है ?

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'इस स्त्री से डरो' की रचना .... है।

(*ii*) मृदुला गर्ग का जन्म .... शहर में हुआ।

(*iii*) 'बूँद बावडी' .... विधा की रचना है।

(*iv*) तस्लीमा नसरीन का जन्म .... ई.स. में हुआ।

(*v*) 'आओ पेपे घर चले' .... रचना है।

B8DDC27F8159D352AC3F15298D05E52C